U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
( Govt. of Uttar Pradesh Undertaking )
उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
( उ0प्र0 सरकार का उपक्रम )
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, ELECTRICITY TEST AND COMMISSIONING DIVISION
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड
CIN- U40101UP2004SGC028687 | GSTIN- 09AAACU8823E1Z9 | 0131-2603334 | +91-9412711383 | eetncmzn@upptcl.org
Address- 132 KV Substation Bhopa Road
Muzaffarnagar-251001 (Uttar Pradesh) INDIA
पता– 132 के.वी. उपकेन्द्र भोपा रोड़
मुजफ्फरनगर–251001 (उत्तर प्रदेश) भारत

Letter No./पत्रांक ....22.... /ETCD/MU/विपपख/मु0/ Dated/दिनांक 11/11/2023

विषयः– निविदा प्रकरण के सम्बन्ध में।

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
मेरठ।

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान
मेरठ।

विज्ञापन व्यवस्थापक
नोटिस बोर्ड

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 12.01.2023 के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइंट में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइंट में समाचार–पत्र के केवल एक कॉलम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें। स्थानीय प्रकृति के सूचना जैसे–बिजलीबन्द रखने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार–पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूलप्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूलप्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो संपूर्ण बाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु अनु–सचिव (जन–संपर्क) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्तिभवन लखनऊ को अधोहस्ताक्षरी के (जहां भुगतान श्रेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। तथा विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रेषित करने पर सत्यापन या भुगतान सम्भव न होगा।

संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में किया जायें। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा के सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जायें। जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।

**विज्ञापन के प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशन की एक कटिंग सीधे अद्योहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाए** अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जाएगा।

यदि आपको सूचना एवं जन–संपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दुष्प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृप्या विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।

विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"** का नारा तथा विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किए गए विज्ञापनों में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः– विज्ञापन आदेश दो प्रतियों में।

( विपिन कुमार )
अधिशासी अभियन्ता
अधिशासी अभियन्ता
विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड

Letter No./पत्रांक ....22.... /ETCD/MU/विपपख/मु0/ Dated/दिनांक 11/11/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अनुसचिव (जन–सम्पर्क) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (पा0प0), पारेषण भवन, 130–डी, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत परीक्षण एवं परिचालन मण्ड़ल, मेरठ।
4. उपमहाप्रबन्धक (लेखा), पारेषण पश्चिम, मेरठ।

( विपिन कुमार )
अधिशासी अभियन्ता
अधिशासी अभियन्ता
विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड
मुजफ्फरनगर।

# U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED

( Govt. of Uttar Pradesh Undertaking )

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

( उ0प्र0 सरकार का उपक्रम )

UPPTCL

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, ELECTRICITY TEST AND COMMISSIONING DIVISION

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड

CIN- U40101UP2004SGC028687 | GSTIN- 09AAACU8823E1Z9 | 0131-2603334 | +91-9412711383 | eetncmzn@upptcl.org

Address- 132 KV Substation Bhopa Road
Muzaffarnagar-251001 (Uttar Pradesh) INDIA

पता– 132 के.वी. उपकेन्द्र भोपा रोड़
मुजफ्फरनगर–251001 (उत्तर प्रदेश) भारत


Letter No./पत्रांक ......22...... /ETCD/MU/विपपख/मु0/ Dated/दिनांक ...11.1.2023

## उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0
## निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 560.00 व धरोहर राशि रू0 2,400.00 प्रत्येक निविदा में अलग–अलग खण्ड के चालू बैंक खाता सं0 3720002100040009 (IFSC PUNB0372000) में RTGS/NEFT द्वारा जमा करायी जायेगी। निविदायें दिनांक 13.02.2023 को 12:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन सार्वजनिक रूप से 14:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओं का विवरण निम्न प्रकार है–

1. निविदा सं0 टी–04 / 2022–23– सहायक अभियन्ता, विद्युत परीक्षण एवं परिचालन उपखण्ड, नरा–मुजफ्फरनगर के उपयोगार्थ एक नग डीजल चलित वाहन (चालक सहित) को 12 माह की अवधि के लिए किराये पर उपलब्ध कराने हेतु।
2. निविदा सं0 टी–05 / 2022–23– सहायक अभियन्ता, विद्युत परीक्षण एवं परिचालन उपखण्ड, शामली के उपयोगार्थ एक नग डीजल चलित वाहन (चालक सहित) को 12 माह की अवधि के लिए किराये पर उपलब्ध कराने हेतु।
3. निविदा सं0 टी–06 / 2022–23– सहायक अभियन्ता, विद्युत परीक्षण एवं परिचालन उपखण्ड–प्रथम, सहारनपुर के उपयोगार्थ एक नग डीजल चलित वाहन (चालक सहित) को 12 माह की अवधि के लिए किराये पर उपलब्ध कराने हेतु।

कृपया विस्तृत जानकारी, संशोधन विस्तार आदि के सम्बन्ध में अन्य सभी सूचनाएं निविदा प्रस्तुत करने के दिनांक तक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

प्रकाशित नही होना है।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड
उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0
132 के0वी0 उपकेन्द्र भोपा रोड
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड
मुजफ्फरनगर

O/C